


क्रिसमस आज

25 दिसंबर 2025

गुरुवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



दशकों की उपेक्षा पर चला विकास का बुलडोजर

2

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## एक नजर

### केरल में एसआईआर के लिए आयोग ने ऑब्जर्वर किए नियुक्त

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू केलकर ने बुधवार को बताया कि वर्ष 2026 के लिए चुनावी रोल के 'विशेष गहन संशोधन' (एसआईआर) को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य के सभी 14 जिलों हेतु चार वरिष्ठ चुनावी रोल ऑब्जर्वर (ईआरओ) नियुक्त किए गए हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य मतदाता सूची में शुद्धता सुनिश्चित करना और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकना है। उन्होंने यहां एक बयान में कहा कि वरिष्ठ नौकरशाह एम जी राजामणिक्यम, के बीजू, टिंकू बिस्वाल और के वासुकी को चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन संशोधन के लिए ईआरओ के रूप में नियुक्त किया गया है। मामले में राजामणिक्यम को कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड का काम सौंपा गया है, जबकि बीजू त्रिशूर, पलक्कड़ और मलप्पुरम के प्रभारी हैं। बिस्वाल कोट्टायम, इडुक्की और एनार्कुलम के ऑब्जर्वर होंगे और वासुकी को तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पठानमथिट्टा और अलाप्पुझा का काम सौंपा गया है।

### हिंसा-भ्रष्टाचार की दोहरी चुनौती से जूझ रहा बंगाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को राज्य की कानून-व्यवस्था और शैक्षणिक माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान में बंगाल 'हिंसा' और 'भ्रष्टाचार' की दोहरी चुनौतियों से जूझ रहा है। जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के 68वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में शिरकत करने पहुंचे राज्यपाल ने कहा 'शिक्षण संस्थानों को इन बुराइयों और अवांछित तत्वों से मुक्त किया जाना चाहिए।' समारोह से इतर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि यह प्रमुख संस्थान अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और होनहार छात्रों के लिए देश का गौरव है, लेकिन उन्होंने कैंपस को 'अवांछित तत्वों' से मुक्त रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल अब दो समस्याओं 'हिंसा और भ्रष्टाचार' का सामना कर रहा है, जिन्हें हल करने की आवश्यकता है।

## बांग्लादेश अल्पसंख्यक सुरक्षित महसूस करें : शशि थरूर

- हिंदू युवक दीपू दास की भीड़ की हत्या यह बेहद शर्मनाक
- फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले शांति और स्थिरता जरूरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बांग्लादेश में जारी अशांति को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि बांग्लादेश में शांति और स्थिरता बनी रहे और वहां रहने वाले अल्पसंख्यक खुद को सुरक्षित महसूस करें। इस दौरान शशि थरूर ने बांग्लादेश में हिंसा के बीच एक हिंदू युवा दीपू दास की भीड़ द्वारा हत्या (लिंचिंग) को बेहद शर्मनाक और गलत बताया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को मारा गया, उस पर धर्म का अपमान (ब्लास्फेमी) करने का कोई सबूत नहीं था। बांग्लादेश में जारी हिंसा को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि बांग्लादेश में शांति बनी रहे और अल्पसंख्यक सुरक्षित महसूस करें। थरूर ने हिंदू युवक दीपू दास की भीड़ द्वारा हत्या को शर्मनाक बताया और कहा कि उस पर ब्लास्फेमी का कोई सबूत नहीं था। बता दें कि दीपू पहले से ही पुलिस की हिरासत में था, लेकिन इसके बावजूद उसे भीड़ के हवाले कर दिया गया और बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई। थरूर ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश के कई हिस्सों में सड़कों पर हो रहे प्रदर्शन, और भारत के दफ्तरों (असिस्टेंट हाई कमीशन) के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन, स्थिति को और खराब कर रहे हैं। थरूर ने बांग्लादेश आम चुनाव पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि इन सब घटनाओं की वजह से वहां ऐसा माहौल बन गया है जो फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले शांति और स्थिरता के लिए ठीक नहीं है। इस दौरान उन्होंने भारत पर लगाए जा रहे आरोपों को भी खारिज किया।

### भारत को जिम्मेदार ठहराना गलत

थरूर ने कहा कि एक छात्र नेता की मौत के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराना बिल्कुल बेबुनियाद और गलत है। भारत का बांग्लादेश में अस्थिरता फैलाने में कोई हित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयानबाजी से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ माहौल बिगड़ रहा है, जो बहुत चिंता की बात है। इस वजह से न सिर्फ बांग्लादेश में बल्कि पूरे क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है। शशि थरूर ने बांग्लादेश सरकार और वहां के समाज से अपील की कि हालात को शांत किया जाए, कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए और सभी समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गौरतलब है कि बांग्लादेश में हिंसा बदस्तूर जारी है। ढाका से लेकर चटगांव तक भीड़ के प्रदर्शन और उससे जुड़ी हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। 12 दिसंबर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी। इसके बाद 18 दिसंबर को हादी का सिंगापुर में निधन हो गया और तब से लेकर अब तक बांग्लादेश में लगातार माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। इसके ठीक बाद चटगांव में एक हिंदू शख्स की लिंचिंग की घटना ने पूरी दुनिया को चैंका दिया। अब बांग्लादेश के नए राजनीतिक दल नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के एक नेता पर भी हमला हुआ है। सोमवार को एनसीपी के मोहम्मद मुतालिब सिकदर को खुलना में गोली मार दी गई। इस हमले में सिकदर के सिर पर चोट आई है। बताया गया है कि उसे गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## शॉर्टकट ने ली एक ही परिवार के पांच लोगों की जान

**एजेंसी। शाहजहांपुर**



गरीब रथ एक्सप्रेस से टकराकर दंपती व उनके दो बच्चों सहित पांच लोगों की मृत्यु हो गई। शार्ट कट अपनाने के चक्कर मे रोजा जंक्शन के पास रेल पटरी पार करते समय यह हादसा हुआ। विकन्नापुर गांव सेठपाल, उनकी पत्नी पूजा, दो बच्चे व साढू हरिओम को ट्रेन बाइक समेत घसीटते हुए 200 मीटर तक ले गई। दोपहर यह सभी लोग बाइक से शहर में बुध बाजार गए थे। वहां से खरीदारी करने के बाद देर शाम घर वापस जा रहे थे। ओवरब्रिज से जाने की बजाय सेठपाल ने शार्टकट अपनाते हुए रोजा जंक्शन से क्रासिंग पार करना चाही, इस बीच गरीब रथ एक्सप्रेस आ गई। जब तक वे लोग कुछ समझ पाते ट्रेन उन लोगों को टक्कर मारने के बाद घसीटते हुए ले गई। बाइक के परखच्चे उड़ गए। शव भी पटरी के इधर उधर बिखर गए। हरिओम के पिता लालाराम ने पहुंचकर पहचान की।

## परियोजना के लिए 12,015 करोड़ रुपये का बजट किया गया तय

# तीन कॉरिडोर, 13 स्टेशन और जुड़ेंगे : पीएम मोदी



- मेट्रो लाइन में कुल 16 किलोमीटर की वृद्धि होगी और इसमें 13 स्टेशन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली मेट्रो के विस्तार को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिल्ली मेट्रो फेज-5 (ए) के विस्तार को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना के लिए 12,015 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है, जिससे दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और बेहतर होगी।इस विस्तार योजना का उद्देश्य दिल्ली के सुदूर इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ना और सड़कों पर भीड़भाड़ को कम करना है। इस परियोजना कि कुल लागत 12,015 करोड़ रुपये है। इससे मेट्रो लाइन में कुल 16 किलोमीटर की वृद्धि होगी और इसमें 13 स्टेशन जुड़ेंगे, जिसमें 10 भूमिगत और तीन एलिवेटेड होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो के लिए तीन नए कॉरिडोर को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी का स्वागत किया और कहा कि इस फैसले से राजधानी के बुनियादी ढांचे को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की। इसको लेकर पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली के बुनियादी ढांचे को बड़ा बढ़ावा मिला। दिल्ली मेट्रो के चरण 5(ए) परियोजना के तहत तीन नए कॉरिडोर को मंत्रिमंडल की मंजूरी से हमारी राजधानी का मेट्रो नेटवर्क विस्तारित होगा, जिससे जीवन की सुगमता बढ़ेगी और भीड़भाड़ कम होगी। तीन नए कॉरिडोर में आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ (9.913 किमी), एयरोसिटी से आईजीआई एयरपोर्ट टी-1 (2.263 किमी) और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी) शामिल है। इस परियोजना की कुल लंबाई 16.076 किमी है और इससे राष्ट्रीय राजधानी में कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

### दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए परियोजना

दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए परियोजना की कुल लागत 12014.91 करोड़ रुपए है, जिसका वित्तपोषण भारत सरकार, दिल्ली सरकार और अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषण एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली मेट्रो के तीन नए कॉरिडोर को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने का स्वागत किया है। इस परियोजना के लिए 12,015 करोड़ रुपये की लागत से 16 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क का विस्तार होगा और 13 नए स्टेशन जुड़ेंगे।सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर सभी कर्तव्य भवनों को जोड़ेगा, जिससे इस क्षेत्र के कार्यालय जाने वालों और आगंतुकों को घर बैठे ही सुविधा मिलेगी। इस कनेक्टिविटी से प्रतिदिन कार्यालय जाने वाले लगभग 60,000 लोगों और 2 लाख आगंतुकों को लाभ होगा। ये कॉरिडोर प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करके जीवन स्तर को सुगम बनाएंगे। केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए को मंजूरी दे दी है, जिसमें 13 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिसमें 10 अंडरग्राउंड और 3 एलिवेटेड स्टेशन होंगे।

### 3 साल में पूरा होने का अनुमान

यह प्रोजेक्ट 3 साल में पूरा होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 16 किलोमीटर लंबी नई लाइन बिछाई जाएगी, जिसके लिए 12,015 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया जाएगा। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 400 किलोमीटर से ज्यादा हो जाएगा, जो कि अपने-आप में एक बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान में, दिल्ली और एनसीआर में डीएमआरसी द्वारा लगभग 395 किलोमीटर लंबी 12 मेट्रो लाइनें संचालित की जा रही हैं, जिनमें 289 स्टेशन हैं। आज दिल्ली मेट्रो भारत का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है और साथ ही दुनिया के सबसे बड़े मेट्रो नेटवर्कों में से एक है।

## अरावली क्षेत्र में खनन के लिए नए पट्टे पर पूर्ण प्रतिबंध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पर्यावरण से जुड़े ज्वलंत मुद्दे पर केंद्र सरकार ने राज्यों को नए सिरे से निर्देश दिए हैं। इनमें कहा गया है कि अरावली क्षेत्र में खनन के नए पट्टे देने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यानी दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली रेंज में अब खनन के लिए नए पट्टे की मंजूरी देने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। बीते नवंबर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पर्यावरण मंत्रालय ने इस संबंध में राज्यों को पहले भी आगाह किया था। 21 दिसंबर के परामर्श में कहा गया था कि सतत खनन प्रबंधन योजना को अंतिम रूप दिए जाने तक माइनिंग के लिए कोई नई लीज नहीं दी जानी चाहिए। यह परामर्श सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जारी हुआ था। आदेश में कहा गया था कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद जब तक प्रबंधन योजना नहीं बना लेती, तब तक खनन के लिए नई लीज नहीं दी जा सकती। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नए निर्देशों में कहा गया है कि नए खनन के लिए मंजूरी देने पर रोक संपूर्ण अरावली क्षेत्र पर लागू रहेगी। इसका उद्देश्य अरावली रेंज की अखंडता को बचाए रखना है। इन निर्देशों का लक्ष्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली का संरक्षण करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद से कहा गया है कि पूरे अरावली क्षेत्र में ऐसे अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां पर खनन पर रोक लगनी चाहिए। यह उन क्षेत्रों के अतिरिक्त रहे, जहां पर केंद्र ने पहले से खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है। कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद से एक समग्र और विज्ञान आधारित प्रबंधन योजना बनाने को कहा गया है।



## केंद्र सरकार जल्द शुरू करेगी भारत टैक्सी सेवा

**एजेंसी। पंचकूला**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सरकार जल्द ही भारत टैक्सी सेवा शुरू करेगी, जिसके तहत ग्राहकों की सुविधा बेहतर बनाने और ड्राइवरों की कमाई बढ़ाने के मकसद से ड्राइवरों के साथ प्रॉफिट शेयर किया जाएगा। पंचकूला में सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि यह पहल सहकारिता मंत्रालय के तहत की जा रही है और यह सुनिश्चित करेगी कि सेवा का लाभ सीधे ड्राइवरों को मिले। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सेवा यात्रियों के लिए यात्रा में आसानी और ड्राइवरों के लिए बेहतर आय के अवसरों को जोड़ेगी, और इस पहल से होने वाला पूरा मुनाफा ड्राइवरों को मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने देश के लिए हरियाणा के योगदान पर भी प्रकाश डाला, और कहा कि राज्य ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, डेयरी उत्पादन को मजबूत करने और खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसानों ने लगातार राष्ट्रीय विकास में योगदान दिया है और कई क्षेत्रों में देश को पहचान दिलाई है। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा और पंजाब ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक सम्मान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा में हरियाणा के योगदान पर भी जोर दिया, और कहा कि एक छोटा राज्य होने के बावजूद, यह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सशस्त्र बलों में प्रति व्यक्ति सबसे अधिक सैनिक देता है।







# कानून की चौखट पर लिखी गई इंसानियत की कहानी

■ **जहां फैसलों से पहले बेजुबानों को मिला न्याय, बक्सर व्यवहार न्यायालय से निकली संवेदना की मिसाल**

**केटी न्यूज/बक्सर**

आमतौर पर व्यवहार न्यायालय का नाम आते ही दिमाग में तारीखें, बहस, दलीलें और फैसले उभरते हैं। लेकिन बक्सर व्यवहार न्यायालय परिसर में इन दिनों एक ऐसी कहानी जन्म ले रही है, जो किसी केस डायरी में दर्ज नहीं है, फिर भी समाज के लिए मिसाल बन गई है। यह कहानी है, करुणा, संवेदना और उन बेजुबानों की, जिन्हें ठंड से बचाने के लिए इंसान आगे आए। न्यायालय परिसर में वर्षों से रह रहे आवारा कुत्ते और उनके नन्हे पिल्ले हमेशा से यहां की दिनचर्या का हिस्सा रहे हैं। दिन में वे परिसर को बंदरों और असामाजिक गतिविधियों से सुरक्षित रखते हैं, तो रात में चौकीदारों के सच्चे साथी बन जाते हैं। लेकिन जब ठंड ने



दस्तक दी, तब इनके लिए सबसे बड़ा संकट शुरू हुआ। इसी संकट के बीच



मानवता का चेहरा बनकर सामने आए न्यायालय के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी व रात्रि प्रहरी सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा उर्फ पालजी। उन्होंने न सिर्फ रोजाना इन कुत्तों को भोजन देना शुरू किया, बल्कि सर्द रातों से बचाने के लिए पेड़ के नीचे प्लास्टिक की अस्थायी झोपड़ी भी तैयार कर दी। यह झोपड़ी ईंट-पत्थर से नहीं, बल्कि संवेदना से बनी थी। पालजी कहते हैं कि रात की ड्यूटी में जब पूरा न्यायालय परिसर सन्नाटे में डूब जाता है, तब यही कुत्ते उनके सबसे भरोसेमंद साथी होते हैं। शायद इसी साथ ने उन्हें सेवा के लिए प्रेरित किया। इस मानवीय प्रयास को नई ऊर्जा तब मिली, जब न्यायालय की अधिवक्ता संध्या जायसवाल ने ठंड से ठिठुरते पिल्लों को देखा। कानून की भाषा में दक्ष संध्या ने उस दिन करुणा की भाषा को चुना। उन्होंने तुरंत दो कंबल दान किए और स्वयं झोपड़ी तक जाकर एक कंबल पिल्लों के लिए जमीन पर बिछाया, जबकि दूसरा प्लास्टिक की छत पर डालकर झोपड़ी को ठंड से और सुरक्षित बनाया। डुमरांव स्टेशन रोड निवासी स्वर्गीय ऋषि जायसवाल की पुत्री संध्या जायसवाल का कहना है कि ये बेजुबान अपनी पीड़ा शब्दों में नहीं कह सकते। अगर हम उनकी तकलीफ देखकर भी अनदेखा करें, तो न्याय और मानवता दोनों अधूरे रह जाते हैं। मैंने तय किया है कि रोज इनकी सेवा करूंगी। न्यायालय परिसर में यह दृश्य देखने वालों के लिए भावुक कर देने वाला था। जहां आमतौर पर लोग कानून की किताबों में उलझे रहते हैं, वहीं एक अधिवक्ता और एक प्रहरी ने यह दिखा दिया कि इंसानियत किसी पद या पहचान की मोहताज नहीं होती। बक्सर व्यवहार न्यायालय की यह पहल यह संदेश देती है कि न्याय केवल इंसानों तक सीमित नहीं है। जब समाज बेजुबानों की पीड़ा समझने लगता है, तभी सच्चे अर्थों में न्याय की स्थापना होती है। यहां कंबलों से ढके पिल्ले गवाही दे रहे हैं कि करुणा ही सबसे बड़ा कानून है और वही समाज को सचमुच न्यायपूर्ण बनाती है।

## स्टेशन रोड पर नाला-सड़क निर्माण शुरू, नगरवासियों में खुशी की लहर

# दशकों की उपेक्षा पर चला विकास का बुलडोजर



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर की बहुप्रतीक्षित समस्या आखिरकार समाधान की ओर बढ़ चली है। स्टेशन रोड पर दशकों से नाला नहीं होने के कारण जिन परेशानियों का सामना नगरवासियों को करना पड़ता था, उस दर्द पर अब विकास का मरहम लगना शुरू हो गया है। प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट से नाला निर्माण कार्य की शुरूआत होते ही लोगों में खुशी और राहत की लहर दौड़ गई है। यह वही सड़क है, जहां बारिश हो या घरों से निकला गंदा पानी, सब कुछ सड़क की कटिंग में भरकर नगरवासियों के लिए मुसीबत बन जाता था।

**नाला नहीं, तो नर्क बन गया था स्टेशन रोड**

महरौरा मोड़ से लेकर विष्णु भगवान मंदिर तक स्टेशन रोड का यह हिस्सा वर्षों से नाला विहीन था। घरों से निकला पानी, बारिश का बहाव और आसपास की कॉलोनियों का जलजमाव सड़क किनारे बनी कटिंग में इकट्ठा हो जाता था। स्थिति इतनी भयावह हो जाती थी कि पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगता था। इससे न सिर्फ आवागमन बाधित होता था, बल्कि सड़क की गुणवत्ता भी तेजी से खराब हो रही थी। सड़क टूटकर बिखरने लगती थी और हादसों की आशंका बनी रहती थी।

**एनएच-120 का बहाना विकास पर ब्रेक**

नगर परिषद वर्षों तक इस समस्या से पल्ला झाड़ती रही। कारण बताया जाता रहा कि स्टेशन रोड एनएच-120 का हिस्सा है, इसलिए नगर परिषद इसके निर्माण में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। नतीजा यह हुआ कि दशकों से नाला निर्माण की मांग फाइलों में ही दबी रह गई। स्टेशन रोड, जो नगर की प्रमुख धमनियों में से एक है, धीरे-धीरे बदहाली का शिकार होता चला गया।

### विधायक की पहल से बदली तस्वीर

नवनिर्वाचित विधायक राहुल कुमार सिंह ने इस ज्वलंत समस्या को गंभीरता से लिया। उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुलधर दूबे से सीधी बात कर नाला निर्माण का प्रस्ताव रखा और इसके लिए फंड की व्यवस्था का आश्वासन भी दिया। विधायक की सक्रियता का ही नतीजा है कि बुधवार से नाला निर्माण का कार्य शुरू हो गया। काम शुरू होते ही वर्षों से पीड़ा झेल रहे स्थानीय लोगों के चेहरे खिल उठे।

### पहले गड्ढे भरे, अब नाला और सड़क

विधायक की पहल यहीं नहीं रुकी। सबसे पहले उन्होंने एनएच के कार्यपालक अभियंता से समन्वय कर स्टेशन रोड के गड्ढों को भरवाया, जिससे सड़क चलने लायक बन सकी। इसके बाद नया थाना से ट्रेनिंग स्कूल तक कालीकरण कार्य शुरू कराया गया। कालीकरण के दौरान सड़क पर वाहनों के आवागमन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। नया थाना और ट्रेनिंग स्कूल के पास पत्थर रखकर सड़क को बंद कर दिया गया है, जिससे निर्माण एजेंसी को बिना किसी बाधा के काम करने का मौका मिल रहा है।

### गुणवत्ता पर समझौता नहीं

सड़क पर ट्रैफिक बंद होने से निर्माण कंपनी को कार्य में सुविधा मिल रही है और काम की गुणवत्ता भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह योजनाबद्ध तरीके से काम हुआ, तो स्टेशन रोड न सिर्फ जलजमाव से मुक्त होगी, बल्कि लंबे समय तक टिकाऊ भी बनेगी।

### नगरवासियों का सपना अब हकीकत के करीब

चार साल पहले नया थाना से महरौरा मोड़ तक नाला निर्माण हुआ था, लेकिन उसके आगे काम अधूरा रह गया था। अब प्रखंड कार्यालय परिसर, खिरौली, लालगंज कड़वी, टैक्सटाइल्स कॉलोनी और चाणाक्या कॉलोनी से आने वाले पानी की निकासी की राह भी खुलने जा रही है। दशकों बाद शुरू हुए इस कार्य ने नगरवासियों में उम्मीद जगा दी है कि अब स्टेशन रोड बदहाली नहीं, बल्कि विकास की पहचान बनेगी।

## उपभोक्ता अधिकारों की ढाल है जागरूकता

**केटी न्यूज/बक्सर**

बढ़ती बाजारवादी व्यवस्था और सेवाओं के विस्तार के दौर में उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा आज पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गई है। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए जिला उपभोक्ता आयोग, बक्सर में बुधवार को उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और इससे जुड़ी व्यवहारिक जानकारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रशासनिक पदाधिकारी सह आयोग सदस्य राजीव कुमार सिंह ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 24 दिसंबर 1986 को लागू हुआ था, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को शोषण से बचाना और उन्हें कानूनी सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ह्लजागो ग्राहक जागोह्व जैसे अभियानों के बावजूद आज भी उपभोक्ता ठगे जा रहे हैं। ऐसे में केवल कानून पर निर्भर रहने के बजाय उपभोक्ताओं को स्वयं अपने अधिकारों के प्रति सजग और सचेत रहना होगा। इस अवसर पर अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त न्यायाधीश वेद प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार जिले में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आम लोग उपभोक्ता कानून का लाभ उठा सकें और अपने अधिकारों के लिए सही मंच तक पहुंच सकें। वरीय अधिवक्ता सह पत्रकार रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने मंच संचालन करते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपभोक्ताओं को बताया कि खरीदारी के समय बिल लेना, सेवा में कमी या धोखाधड़ी की स्थिति में शिकायत दर्ज करना और समय-सीमा के भीतर परिवाद दाखिल करना क्यों आवश्यक है। वहीं आयोग के पेशकार अखिलेश कुमार ने परिवाद पत्र दाखिल करने में होने वाली आम तकनीकी त्रुटियों की जानकारी दी और बताया कि छोटी-छोटी गलतियों के कारण कई बार मामलों में देरी हो जाती है। कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रभुनाथ सिंह, अशोक कुमार पांडे, श्रीमन नारायण ओझा, अजय कुमार सिंह, ददन कुमार सिंह, नेहा मिश्रा, विनोद कुमार, विजय कुमार पांडे, अवध बिहारी प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद सहित आयोग के सहायक अखिलेश कुमार, विकास कुमार, शिवम कुमार सिंह और हरेंद्र पांडे समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तुलसी अतुल्य सेवा संस्थान ने मणियां पंचायत भवन में किया कंबल वितरण, सैकड़ों जरूरतमंदों को मिली राहत

**केटी न्यूज/नवानगर**

स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवन मणियां परिसर में बुधवार को तुलसी अतुल्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दीनानाथ सिंह ने की, जबकि मंच संचालन व्याशमुनि सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिग्विजय सिंह उपस्थित रहे। आयोजन की व्यवस्थाओं में संस्था के संरक्षक डॉ. कुंवर भीम सिंह की सक्रिय भूमिका रही। समारोह के दौरान सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों में खुशी और उत्साह देखने को मिला। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कड़ाके की ठंड में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाना तथा समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। अपने संबोधन में अध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. कुंवर भीम सिंह द्वारा समाज सेवा की जो अलख जगाई गई है, वह जनहित में अत्यंत सराहनीय है और इससे समाज में सकारात्मक सोच को बल मिलता है। वहीं संस्था के संस्थापक डॉ. कुंवर भीम सिंह ने बताया कि तुलसी अतुल्य सेवा संस्थान द्वारा यह सेवा कार्य प्रतिवर्ष नियमित रूप से किया जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के बाद भी गांव-गांव जाकर उन लोगों तक कंबल पहुंचाए जाते हैं, जो किसी कारणवश समारोह स्थल तक नहीं आ पाते। साथ ही संस्था शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय है और असहाय बच्चों को नर्सरी से लेकर उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंजीनियर सुरेंद्र सिंह, विनोद जी, सतेंद्र सिंह, अर्जुन कुमार आदि मौजूद थे।

## मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रतिभाओं का भव्य सम्मान आयोजन




■ **अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन का दिया संदेश**

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी प्रखंड अंतर्गत प्लस टू मॉडल उच्च विद्यालय सिमरी के प्रांगण में विद्यालय प्रांगण में मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ओम प्रकाश कुमार को 478 अंक (95.6 प्रतिशत) प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर इल्ताफ हुसैन ने 472 अंक (94.4 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान पर शिवांश यादव ने 471 अंक (94.2 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। तीनों छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि हरिनारायण राय एवं विशिष्ट अतिथि प्रमोद पाण्डेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास एवं अनुशासन से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका सीमा ओझा ने की। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को छात्रों की सफलता का सहभागी बताया। इस अवसर पर अरुण कुमार तिवारी, अवधेश राय, राजेंद्र सिंह, मनीष कुमार, अशोक पाल, अनिल कुमार, बालाजी पाण्डेय, संदीप कुमार ओझा, कुमारी निरुपमा, अल्पना राय, संजय कुमार तिवारी, पूनम कुमारी एवं दिनेश कुमार तिवारी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

समारोह का समापन राष्ट्रहित, शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।




# सिमरी प्रखंड में डीएम साहिला का योजनाओं का व्यापक निरीक्षण

■ **सड़क, स्वास्थ्य, पुल निर्माण और जनसमस्याओं की गहन समीक्षा**




**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों का बुधवार को जिलाधिकारी साहिला द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत पूर्वाह्न 10.30 बजे पुराना भोजपुर-सिमरी पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य से की। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं मानकों की बारीकी से जांच की और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सड़क निर्माण से आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति प्राप्त होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिमरी का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के साथ किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, दवा उपलब्धता, साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा एवं चिकित्सीय व्यवस्था की समीक्षा की गई। डीएम ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को बेहतर एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पूर्वाह्न 11.30 बजे जिलाधिकारी सिमरी प्रखंड मुख्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने प्रखंड के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को क्रमवार सुना। उन्होंने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष समस्याओं के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

इसके बाद डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 922 से उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 को जोड़ने वाले गंगा नदी पर निर्मित ज्ञानेश्वर मित्र सेतु पुल संख्या 82 के आगे तक पथ निर्माण कार्य के स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पथ निर्माण की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा सिमरी तिलक राय के हटा थाना पुलिस बल मौजूद रही। जिला पदाधिकारी के इस दौरे से क्षेत्र में प्रशासनिक सक्रियता बढ़ी है और आम जनता में संतोष देखा गया।



# मन की डोर जब प्रभु से जुड़ी, हनुमत धाम में भागवत कथा ने रचा भक्ति का उत्सव



■ संत सद्गुरुदेव स्मृति महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा, सेवा और संगीत का संगम

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर प्रखंड के कमरपुर स्थित श्री हनुमत धाम मंदिर इन दिनों भक्ति, वैराग्य और अध्यात्म की अलौकिक छटा से सराबोर है। यहां आयोजित संत सद्गुरुदेव स्मृति महोत्सव अपने दसवें दिन एक आध्यात्मिक पर्व के रूप में सामने आया, जहां सुबह से रात तक श्रद्धालु भगवान की कथा, भजन और सेवा में डूबे रहे। महोत्सव के दसवें दिन की शुरूआत प्रातःकाल श्रीरामचरितमानस के सामूहिक पाठ से हुई। मंत्रोच्चार और रामनाम के मधुर स्वर से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में चौपाइयों का पाठ कर वातावरण को पवित्र कर दिया।

### दूर-दूर से उमड़ रहे श्रद्धालु

पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। आसपास ही नहीं, बल्कि दूर-दराज से संत, साधु और श्रद्धालु हनुमत धाम पहुंच रहे हैं। यह महोत्सव 31 दिसंबर को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। हनुमत धाम में चल रहा यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक संदेश बनकर सामने आया है, जहां मन को भगवान से जोड़ने का आह्वान किया जा रहा है।

### भागवत कथा में गूंजा जीवन का मर्म

दोपहर में श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस का आयोजन हुआ। कथा व्यास उमेश भाई ओझा ने कर्दम ऋषि की कठोर तपस्या, देवहूति से विवाह और पुत्र प्राप्ति की कामना का मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी कुल में भक्त पुत्र का जन्म हो जाए, तो इक्कीस पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है। उमेश भाई ने कबीर के दोहे के माध्यम से जीवन का गूढ़ रहस्य समझाया और कहा कि ह्लमन ही बंधन और मन ही मोक्ष का कारण है ह्व उन्होंने बताया कि शरीर संसार में रहे, लेकिन मन यदि भगवान में लग जाए, तो जीवन स्वयं तीर्थ बन जाता है। सेवा को भक्ति की जड़ बताते हुए उन्होंने कहा कि अतिथि सेवा करने वाला व्यक्ति स्वयं कृतकृत्य हो जाता है।

### भक्ति, दान और वीरता, माता की सच्ची कामना

कथा के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि माता को तीन ही प्रकार के पुत्र की कामना करनी चाहिए, भक्त, दानी या वीर। ऐसा होने पर घर ही भगवान का धाम बन जाता है। कर्दम ऋषि और देवहूति की संतानों तथा कपिल मुनि के सांख्य दर्शन का उल्लेख करते हुए उन्होंने भाव भक्ति को क्रिया से श्रेष्ठ बताया।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु

संध्या काल में आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक धर्मेंद्र व्यास ने अपने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। ह्वबीते गए दिन भजन बिना रेह्व जैसे भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। मंदिर परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा।

## एक नजर

### डुमरांव में बाल अधिकारों की सुरक्षा पर जोर, बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**डुमरांव।** डुमरांव प्रखंड कार्यालय परिसर में बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बक्सर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें आम लोगों को बच्चों से जुड़ी कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चे समाज का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि नालसा की बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं स्कीम, 2024 के तहत लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन का गठन किया गया है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर निःशुल्क और प्रभावी विधिक सहायता मिल सके। इस इकाई के माध्यम से बाल श्रम, बाल विवाह, तस्करी, यौन अपराधों से पीड़ित बच्चों, विधि से संघर्षरत बालकों, गुमशुदा बच्चों तथा जेल में बंद अभिभावकों के बच्चों को विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा।

पीएलवी कमला शंकर तिवारी ने कहा कि बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता ही शोषण और उत्पीड़न को रोकने का सबसे सशक्त माध्यम है। यदि समाज और अभिभावक सजग रहें तो बच्चों को सुरक्षित वातावरण दिया जा सकता है। पीएचसी प्रभारी डॉ. आर.बी. प्रसाद ने कहा कि बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि वे आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में नामांकन और पुनः नामांकन को लेकर भी जागरूकता फैलाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए सहयोगात्मक, सुरक्षित और न्यायसंगत वातावरण तैयार करना तथा उन्हें विधिक संरक्षण की मुख्यधारा से जोड़ना रहा।

### शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी बच्चो के सर्वांगीण विकास पर चर्चा

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालय व मध्य विद्यालयों में विभागीय निर्देश के अनुसार बुधवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी हरेक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा अभियान के तहत बच्चो के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित था। निजी विद्यालयों की तर्ज पर आयोजित इस गोष्ठी में प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विशेष रूप से गोष्ठी में शामिल होने के लिए महिला अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया। स्कूलों के द्वारा भी अभिभावकों का विद्यालय में बढ़ चढ़कर स्वागत किया गया। इस शिक्षक अभिभावक गोष्ठी मे सर्वप्रथम अभिभावको को शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, छात्र-छात्राओं के पठन पाठन से संबंधित विषय वस्तु आदि पर विस्तार से चर्चा कर अभिभावकों की राय ली गई। अभिभावकों ने भी इस अवसर पर खुलकर अपने विचार रखे। शिक्षकों ने अभिभावकों से होमवर्क कराने के साथ-साथ बच्चों को पढ़ने के लिए उचित स्थान तथा माहौल प्रदान करने का आग्रह किया गया। शिक्षकों के इस आग्रह पर अभिभावकों ने भी सहयोग का वादा किया तथा अपने-अपने बच्चों की निगरानी के साथ-साथ उन्हें पढ़ने के लिए उचित अवसर तथा माहौल देने का वादा किया। अभिभावको ने विद्यालय के द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की गई। वही इस संगोष्ठी के बाद विद्यालय में शीतकालीन अवकाश कर दी गई है।

### ठंड में बिजली की अनियमित ट्रिपिंग से जनजीवन प्रभावित, किसान भी परेशान

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में बीते कई दिनों से बिजली की अनियमित आपूर्ति और बार बार हो रही ट्रिपिंग ने आम लोगों के साथ साथ किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। कड़ाके की ठंड के बीच बिजली कटौती से ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रात के समय बिजली नहीं रहने से हीटर, बल्ब सहित अन्य आवश्यक उपकरण बेकार हो जा रहे हैं, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को खासा दिक्कत झेलनी पड़ रही है।किसानों का कहना है कि बिजली की आंख मिचौली के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। समय पर खेतों में पानी नहीं पहुंच पाने से रबी फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। कई गांवों में दिन में कई बार और रात में भी घंटों बिजली गुल रहने से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र स्थायी समाधान कर नियमित बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में बिजली विभाग के जेई अवनीश कुमार ने बताया कि विभाग को आवश्यकता के अनुरूप बिजली नहीं मिल पा रही है। शहरी क्षेत्रों में बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण वहां अधिक बिजली दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त बिजली आपूर्ति के लिए वरीय पदाधिकारियों से मांग की गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को भी राहत मिल सके।

### चंदन पेड़ की चोरी मामले में लोजपा रामविलास की टीम ने डीएम को सौंपा मांग पत्र

**बक्सर।** बक्सर के नाथ बाबा मंदिर परिसर से चोरी हुए चंदन के दो कीमती पेड़ मामले में लोजपा रामविलास का एक शिष्टमंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंप इस साजिश का पदार्फाश करने तथा उक्त परिसर समेत जिला मुख्यालय की सुरक्षा पुख्ता करने की मांग की है। इसके पूर्व युवा लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय तथा जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने मंदिर परिसर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। जिलाध्यक्ष अखिलेश ने इस मामले में एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि लोजपा (आर) के सुप्रिमो व केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उनके निर्देश पर ही लोजपा की टीम निरीक्षण करने गई थी। उन्होंने इसे घटना पर दुख जताते हुए कहा कि चोरों ने लोगों के आस्था से खिलवाड़ किया है। इसकी रिपोर्ट केन्द्रीय मंत्री को सौंपी जाएगी।

## बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट, सेमीफाइनल में रोमांच, गाजीपुर ने सिवान को 4-3 से हराया

# खेल का महासंग्राम : धरौली में गाजीपुर की पेनाल्टी विजय, फाइनल की दहलीज पर शानदार छलांग



**केटी न्यूज/बक्सर**

ब्रह्मपुर प्रखंड के धरौली गांव स्थित जोगीबीर बाबा खेल मैदान बुधवार को रोमांच, उत्साह और जोश से सराबोर नजर आया, जब बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में गाजीपुर एलेवन और यूनाइटेड क्लब सिवान आमने-सामने थे। सांसें रोक देने वाले इस मुकाबले में गाजीपुर ने पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज कर फाइनल में अपना टिकट पक्का कर लिया।

### भव्य उद्घाटन से गूंज उठा मैदान

मैच का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रदीप राय तथा विशिष्ट अतिथि डुमरांव विधायक राहुल सिंह, भाजपा नेता इंद्रजीत बहादुर सिंह एवं स्वंयम्बर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गेंद पर किक मारकर किया। उद्घाटन के साथ ही मैदान तालियों की गड़गड़ाहट और दर्शकों के उत्साह से गूंज उठा।

### पहले हाफ में गाजीपुर की बढ़त

खेल की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया। तेज रफ्तार, सटीक पासिंग और मजबूत डिफेंस के बीच गाजीपुर की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बना ली। यह गोल दर्शकों के लिए उत्साह का बड़ा कारण बना और गाजीपुर समर्थकों में जोश भर गया।

### दूसरे हाफ में सिवान की दमदार वापसी

मध्यांतर के बाद यूनाइटेड क्लब सिवान ने खेल की तस्वीर बदल दी। आक्रमण की धार तेज करते हुए सिवान ने गाजीपुर के डिफेंस को दबाव में लिया और एक बेहतरीन मूव के जरिए बराबरी का गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें निर्णायक बढ़त के लिए लगातार प्रयास करती रहीं, लेकिन तय समय तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी।

### पेनाल्टी शूटआउट में गाजीपुर का जलवा

मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जहां गाजीपुर के खिलाड़ियों ने बेहतर संयम और तकनीक का परिचय दिया। गाजीपुर ने चार पेनाल्टी गोल किए, जबकि सिवान की टीम तीन गोल ही कर सकी। अंतिम क्षण में जैसे ही गाजीपुर का निर्णायक शॉट गोल में बदला, पूरा मैदान खुशी से झूम उठा।

### खिलाड़ियों के खेल ने जीता दिल

मैच के दौरान खिलाड़ियों की फुर्ती, तेज मूवमेंट और गोल पर सटीक प्रहार ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। हर सफल पास और शानदार बचाव पर तालियों की गूंज सुनाई देती रही।

### अतिथियों और आयोजकों की प्रतिक्रिया

उद्घाटनकर्ता प्रदीप राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क विकसित करते हैं। फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. रमेश सिंह एवं व्यवस्थापक रंजीत सिंह उर्फ फुड्डु सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से की गई हैं। उन्होंने जानकारी दी कि छठे दिन दूसरा सेमीफाइनल नेपाल और आरा की टीमों के बीच खेला जाएगा।

### फाइनल को लेकर बढ़ा इंतजार

मुख्य आयोजनकर्ता एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू मनोज सिंह ने बताया कि यह टूर्नामेंट हर वर्ष बाबू राजमोहन सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है। विधायक राहुल सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर को होने वाले फाइनल में विजेता टीम को 5 लाख रुपये नकद व कप, जबकि उपविजेता को 2 लाख 51 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### मैच अधिकारी और मौजूद गणमान्य लोग

मैच में मुख्य रेफरी मोहम्मद सलाम रहे, जबकि सहायक रेफरी शशि कुमार सुमन, संतोष पांडेय, पप्पू कुमार सिंह एवं जनार्दन सिंह थे। उद्घोषणा मनीष उपाध्याय और आशुतोष पांडेय ने की। इस अवसर पर डॉ. सुधीर सिंह, अविनाश पांडेय, मंटू सिंह, लालबाबू सिंह, अनिरुद्ध सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी मौजूद रहे। अब सबकी निगाहें फाइनल पर टिकी हैं, क्या गाजीपुर बनेगा चैंपियन।

## रेल सुविधाओं की मांग पर हुआ था अनशन प्रशासनिक आश्वासन के बाद टूटा आंदोलन

**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा रेलवे स्टेशन से जुड़ी लंबित जनसमस्याओं को लेकर मंगलवार को शुरू हुआ चौसा रेल यात्री संघर्ष मोर्चा का अनशनद्दप्रदर्शन देर रात समाप्त हो गया। रेलवे प्रशासन की ओर से डीआरएम द्वारा मोबाइल मैसेज के माध्यम से लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलनकारियों ने अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया। डीआरएम ने संघर्ष समिति के मांग-पत्र का अवलोकन करते हुए कहा कि चौसा स्टेशन से संबंधित मांगें महत्वपूर्ण हैं और समिति का शांतिपूर्ण, अनुशासित आंदोलन सराहनीय है। साथ ही उन्होंने मांग-पत्र को उच्चाधिकारियों के पास भेजे जाने की जानकारी दी। डीआरएम के आश्वासन के बाद स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ। थानाध्यक्ष शम्भू भगत, दंडाधिकारी सह कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार,



आरपीएफ अधिकारी एवं स्टेशन मास्टर की मौजूदगी में आंदोलन के नेता व समिति अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार यादव को जूस पिलाकर अनशन समाप्ति की औपचारिक घोषणा की गई। उल्लेखनीय है कि ऐतिहासिक, धार्मिक और औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चौसा क्षेत्र की लगातार उपेक्षा के विरोध में रेलवे यात्री संघर्ष समिति ने चौसा रेलवे स्टेशन परिसर को आंदोलन का केंद्र बनाया था। समिति का कहना था कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और आवागमन की जरूरतों के बावजूद चौसा स्टेशन पर आज भी यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। संघर्ष समिति की प्रमुख मांगों में चौसा स्टेशन पर मूलभूत यात्री सुविधाओं की बहाली, श्रमजीवी एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस व हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस के ठहराव के साथ-साथ 53202/53201 बक्सर-पटना फास्ट पैसेंजर ट्रेन को चौसा स्टेशन तक विस्तारित करना शामिल है।

## डुमरांव के विकास में महत्वपूर्ण रहा है राजपरिवार का योगदान : राहुल सिंह

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव राज परिवार के मानविजय सिंह ने बुधवार को अपना जन्मदिन जरूरमंदों की सेवा कर मनाया। इस दौरान नगर पंचित काली आश्रम परिसर में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डुमरांव विधायक राहुल सिंह मौजूद रहे। अपने संबोधन में विधायक राहुल सिंह ने इस प्रयास के लिए मानविजय सिंह का आभार जताया और कहा कि हमे अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरमंदों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डुमरांव के विकास में राज परिवार का योगदान महत्वपूर्ण है और आज भी यह परिवार डुमरांव के विकास के साथ ही जरूरमंदों की सहायता



में तत्पर रहता है। यह आयोजन इसका प्रमाण है। इसके पूर्व मानविजय सिंह ने डुमरांव विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में शामिल होने के लिए डुमरांव विधायक का आभार जताया। कंबल वितरण शुरू होने से पूर्व मानविजय सिंह व विधायक राहुल सिंह ने मां काली के दरबार में मत्था टेक डुमरांव के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मौके पर नगर पंचित काली आश्रम के पुजारी पंडित ललन मिश्र, सुरेश सिंह, डॉ. शैलेश श्रीवास्तव, रामनाथ तिवारी, नंदजी सिंह, मिथिलेश राय, पिंटू राय, भगवानजी वर्मा, सुजीत कुमार, मोनू सिंह समेत सैकड़ो गणमान्य व जरूरतमंद मौजूद थे।

## विश्व विजेता अनु कुमारी का सिमरी में भव्य सम्मान समारोह



**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में बुधवार को भारतीय नेत्रहीन महिला टी20 क्रिकेट टीम की विश्व विजेता खिलाड़ी व प्रखंड के मुकुंदपुर गांव निवासी अनु कुमारी के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी साहिला एवं अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने अनु कुमारी को सम्मानित करते हुए उन्हें ढेरों बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी साहिला ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लअनु कुमारी ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने अदम्य साहस, कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल बक्सर बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है। ऐसे खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन की ओर से ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि वे आगे भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि ह्लअनु कुमारी की सफलता यह साबित करती है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। उनकी उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों, विशेषकर बेटियों और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। समारोह के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विश्व विजेता खिलाड़ी का उत्साहवर्धन किया। अनु कुमारी ने सम्मान पाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम का वातावरण गर्व, उत्साह और खेल भावना से ओतप्रोत रहा। गौरतलब हो कि हाल ही में श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा स्टेडियम में दृष्टिहीने महिला टी20 विश्वकप के फाइनल में भारतीय लड़कियों ने नेपाल को सात विकेट से पराजित कर विश्वकप ट्राफी जीती थी। बता दें कि नेत्रहीन महिला विश्वकप का पहली बार आयोजन हुआ था। अनु का चयन इस इस टीम में बतौर आलराउंडर खिलाड़ी के रूप में हुआ था।

## तिलक राय के हाता पुलिस ने तोड़ी गौ तस्करों की कमर, पिकअप से 5 मवेशी मुक्त

**केटी न्यूज/सिमरी**

तिलक राय के हाता थाना पुलिस ने गौ तस्करी के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए तस्करों के मंसूबों पर करारा प्रहार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस सटीक कार्रवाई में पुलिस ने एक पिकअप वाहन से चार गाय और एक बछड़े को मुक्त कराया, जिन्हें अमानवीय तरीके से तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। मौके से चालक सह तस्कर को गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क की परतें खोलने की दिशा में जांच शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष पूजा कुमारी को सूचना मिली थी कि मानिकपुर के रास्ते एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशियों की ढुलाई की जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने बिना समय गंवाए रणनीति बनाई और पुलिस टीम के साथ स्वयं मोर्चा संभाला। मानिकपुर के समीप घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान पिकअप में ठूंस-ठूंस कर लादी गई चार गाय और एक बछड़ा बरामद हुआ, जिनकी हालत देखकर तस्करी की क्रूर सच्चाई सामने आ गई। पुलिस ने वाहन चालक मिथिलेश कुमार, निवासी सिमरी, को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने गौ तस्करी में संलिप्तता स्वीकार की है। बरामद मवेशियों को तत्काल आदर्श गौशाला भेजकर सुरक्षित किया गया, जहां उनका उपचार और देखभाल सुनिश्चित की जा रही है। थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गौ तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, साथ ही तस्करी के पीछे सक्रिय नेटवर्क की गहन जांच चल रही है।

# नवादा में 26 नीलगाय को मारी गई गोली, फसल बचाव के लिए हुई कार्रवाई

- **फसल को बचाने के लिए जिला प्रशासन के आदेश पर मारी गई गोली**



**केटी न्यूज/रोहतास**

बिहार के नवादा में नीलगाय का आतंक कम नहीं हो रहा। लगातार खेत में फसल नष्ट होने के कारण जिला प्रशासन ने नीलगाय को शूट करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद नीलगाय का शिकार शुरू हो गया है। जिले में 26 नीलगाय को गोली मारी गयी है।

**मुखिया के आवेदन पर कार्रवाई :** यह कार्रवाई जिले की महुली पंचायत में की गयी। महुली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विपिन सिंह ने पंचायती राज पदाधिकारी और जिले के डीएम को आवेदन दिया था। फसल को जंगली जानवरों के द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। हर साल प्रत्येक किसान को 2 से तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान होता है। मुखिया ने इससे निजात दिलाने की मांग की थी। मुझे जानकारी नहीं थीं कि फसल को बचाने के लिए ऐसा कदम उठाया जा सकता है। हमने नवादा डीएम रवि प्रकाश को आवेदन देकर फसल बचाने की मांग की थी। विभागीय आदेश के बाद यहां शूटर आए और नीलगायों पर हमला बोला। विपिन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि महुली पंचायत मुझे विभागीय आदेश मिला कि स्थानीय मुखिया के निर्देशन में जो भी जानवर चाहे नीलगाय हो या जंगली सूअर उसे सूट किया जाए। ताकि फसलों की हो रहे नुकसान को रोका जाए।

**नीलगाय को गोली मारी जा रही :** नवादा के खासकर सिसवा और भगवानपुर जैसे इलाकों में ज्यादा नुकसान हो रहा है। जिला प्रशासन के आदेश पर वन विभाग और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विपिन सिंह की मदद से टीम बनाई गई है। पहले पटाखे की आवाज से जानवर को भगाने का काम कर रहे हैं, इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर शूटर नीलगाय को सीधे गोली मार रहे हैं।

राज्य में 4 हजार से अधिक नीलगाय मारे गए : बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मुताबिक, राज्य के कई जिलों में पिछले एक साल में नीलगाय की वजह से फसलों को नुकसान पहुंचा। जिसके बाद 4279 नीलगाय को मारने का फैसला लिया गया।

**फसल बचाने के लिए अभियान:** मार्च 2025 में बिहार विधानसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री सुनील कुमार ने कहा था कि था की 2024-25 फरवरी तक राज्य के जिलों में करीब 4,279 नीलगाय को मारा गया है। इसको लेकर विभिन्न जिलों में अभियान शुरू किया गया था। ऐसा कदम किसानों की ओर से मिली शिकायत के आधार पर उठाया गया था, क्योंकि जंगली जानवर फसल को नष्ट कर रहे थे। गोपालगंज में सबसे ज्यादा शिकार के तहत 2024-25 फरवरी तक मंत्री सुनील कुमार के अनुसार सबसे ज्यादा वैशाली में 3057 नीलगाय को मारा गया. इसके बाद गोपालगंज में 685, समस्तीपुर में 256, मुजफ्फरपुर में 124, सीतामढ़ी में 71, मुंगेर में 48, सारण में 18, बेगूसराय में 14, नालंदा में 6 नीलगाय को मारा गया था. हालांकि राज्य में कितने जंगली सुअरों को मारा गया है इसका आंकड़ा नहीं है। वही फसल नष्ट होने पर मुआवजाः बिहार सरकार किसानों को 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवदा देती है। गांव के मुखिया वन विभाग के शूटर को जंगली जानवर को मारने के लिए रखते हैं ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

## एक नजर

### मतदाता सूची पर बीएलओ के साथ बीडीओ ने की बैठक

**नोखा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में प्रखण्ड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शेफाली की अध्यक्षता में बीएलओ की एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची की शुद्धता और अद्यतन कार्यों पर विशेष चर्चा की गई। बीडीओ शेफाली ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची में मिली त्रुटियों का शीघ्र सत्यापन कर सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की गलती स्वीकार्य नहीं होगी।बैठक में धुंधले, आयामरहित या गैर-मानव छायाचित्र जैसी प्रमुख त्रुटियों को सुधारने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, अतार्किक और निरर्थक प्रविष्टियों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें 120 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की प्रविष्टि, पुरुष मतदाता का संबंध प्रकार 'पति' दर्ज होना, लिंग का पुरुष व महिलाओं के अतिरिक्त दर्ज होना,मतदाता के नाम का केवल एक अक्षर होना, नाम का रिक्त या खाली होना, नाम में अंक दर्ज होना, संबंध प्रकार का रिक्त होना, अमान्य या निरर्थक गृह संख्या और अमान्य संबंधी नाम जैसी गलतियाँ शामिल हैं। बीडीओ ने सभी बीएलओ को 31 दिसंबर 2025 तक इन सभी त्रुटियों की जांच कर आवश्यक सुधार के साथ प्रतिवेदन जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वकील चौधरी, शशिकांत सिंह, सतीश कुमार, दीपक मोहन, मुख्तार अंसारी सहित अन्य बीएलओ मौजूद थे।

### नोखा की सिम्मी ने हौसले की उड़ान भर बिहार पावर स्टेट में पाई सफलता, लोगों में खुशी



**नोखा ।** कहते हैं प्रतिभा किसी स्थिति परिस्थिति की मोहताज नहीं होती, जिसे विपरीत परिस्थिति में भी सफलता पाई जा सकती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है रोहतास जिले के नोखा प्रखंड की महिला युवा फुटबॉलर एवं नेहरू युवा केंद्र राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रही सिम्मी राज ने। उन्होंने सर्वोदय नगर वार्ड 20 निवासी कृष्णा प्रसाद एवं इंदु देवी की छोटी पुत्री सिम्मी मध्यमवर्गीय परिवार से होने एवं विपरीत परिस्थिति के बावजूद लगातार सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी रही साथ ही अपने कैरियर को लेकर भी सजग रही। सिम्मी राज ने बिहार सरकार के बिहार स्टेट पावर( होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड,पटना में तकनीशियन ग्रेड तीन में सफलता प्राप्त किया है। नेहरू युवा केंद्र रोहतास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सपोर्टिंग क्लब से जुड़ी सिम्मी की सफलता पर उसके माता पिता एवं परिजन जहां गौरांवित महसूस कर रहे हैं। वहीं सिम्मी भी अपनी सफलता से काफी खुश है। जिसने अपनी सफलता के पीछे अपनी माता इंदु देवी एवं भाई अमित कुमार को बताया।सिम्मी ने बताया कि बचपन से ही उसे पढ़ने और खेलने का शौक था है।फुटबॉल उसका प्रिय खेल रहा है। वहीं नेहरू युवा केंद्र से जुड़ने के बाद एवं प्रशिक्षक अनुपम कुमार के मार्गदर्शन में सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ी जिससे काफी कुछ सीखने को मिला।सिम्मी ने बताया कि उसके माता पिता एवं भाई बहन हमेशा उसका हौसलाफजाई करते रहे जो उसकी सफलता में सहायक बनीं। उधर सिम्मी राज की सफलता पर स्थानीय नागरिकों ,खिलाड़ियों ने बधाई दी है। साथ ही बधाई देने वालों में सविता कुमारी,श्वेता ,दिव्यप्रकाश,सतेंद्र कुमार,नीतू कुमारी,सीमा राज,वैष्णवी, राजश्री,अर्णव श्रेयांश सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### कड़ाके के ठंड की दस्तक से जिले में 31 दिसंबर तक बंद रहेंगे विद्यालय

**सासाराम ।** बिहार में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का असर जारी है राजगीर प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा स्थान रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 से 5 दिनों तक ठंड से राहत मिलने के कोई असर नजर नहीं आ रहे हैं। बिहार इस वक्त कड़ाके की ठंड और शीत लहर की चपेट में है राज्य के लगभग सभी जिलों में सुबह-शाम गला देने वाली ठंड और तेज चलने वाली हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है ऊपरी हिमालय और राजस्थान की ओर से आ रही शब्द हवाओं ने पूरे बिहार को अपनी आगोश में ले लिया है मौसम विभाग के अनुसार अगले चार से पांच दिन तक ठंड में राहत मिलने के आसार नहीं है उत्तर पश्चिमी ठंडी हवाओं और कोहरे की वजह से तापमान सामान्य से काफी नीचे बना हुआ है। राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जबकि अधिकतम तापमान भी 16 डिग्री सेल्सियस के करीब सिमट गया है। रात के समय ठंड का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से दृश्यता भी कम हो रही है, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार नालंदा जिले का राजगीर इलाका इस समय बिहार का सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया है।

**राजगीर में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान :** राजगीर में न्यूनतम तापमान 6 से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। वहीं भागलपुर का सबौर भी 8 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा है। इसके अलावा गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और पूर्णिया जैसे जिलों में भी तापमान लगातार गिर रहा है. भीषण ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है. राज्य के कई जिलों में कक्षा आठवीं तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल 31 दिसंबर तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

**विद्यालय में टाइमिंग को लेकर बदलाव :** वहीं उच्च कक्षाओं में स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है, ताकि छात्रों को सुबह की ठंड में बचाया जा सके। राज्य के अधिकांश जिले में कोहरा और कोल्ड डे का असर देखने को मिल रहा है। सुबह के समय कोहरे के कारण वाहन चालकों को ड्राइविंग करने में परेशानी हो रही है. वही रेल और हवाई परिचालन पर भी आंशिक असर हो रहा है. खुले में काम करने वाले मजदूर, रिक्शा चालक और ठेला- खोमचा वाले सबसे ज्यादा प्रभावित है।

# डीएम ने धान अधिप्राप्ति प्रगति को लेकर जिला टास्क फोर्स पर की समीक्षा बैठक

**केटी न्यूज/रोहतास**

डीएम रवि प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को डीआरडीए सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें खरीफ विपणन मौसम, 2025-26 में विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान अधिप्राप्ति में प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हेतु अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही क्रय किए गए धान के विरुद्ध सभी किसानों को 48 घंटे के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सरकार के दिशा-निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण धानडी अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, नवादा द्वारा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अनुसार नवादा जिला में कुल चयनित पैक्सों/व्यापार मंडल की संख्या 154 है, जिसमें 144 पैक्स तथा 10 व्यापार मंडल शामिल हैं। अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान की बिक्री हेतु अब तक 16448 किसानों द्वारा ऑनलाइन निबंधन किया गया है। अब तक धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 97369 एमटी है। कुल क्रय की गई धान की मात्रा 8601.971 एमटी, अधिप्राप्ति में संलग्न किसानों की संख्या 1094, औसत प्रति किसान 7.86 एमटी, भुगतान की गई किसानों की संख्या 601 एवं समतुल्य सीएमआर की मात्रा 5907.832 है। समीक्षा में पाया गया कि प्रखंड सिरदला एवं मेसकौर में धान अधिप्राप्ति की स्थिति खराब है। जिलाधिकारी द्वारा सहकारिता पदाधिकारी को नियमित अनुश्रवण करते हुए धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। धान अधिप्राप्ति में जिन पैक्सों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप सबसे कम अधिप्राप्ति की गई है, उनका जन वितरण दुकान का लाइसेंस रद्द करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। उन्होंने सभी बीसीओ को निर्देश दिया कि सभी पैक्सों के साथ बैठक कर लक्ष्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। लक्ष्य के विरुद्ध सबसे कम अधिप्राप्ति पर नोटिस कर कार्रवाई की जाएगी।



जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, नवादा द्वारा राइस मिल सत्यापन की जानकारी देते हुए बताया गया कि सभी मिलों का सत्यापन किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी द्वारा राइस मिल एवं पैक्स की संबद्धता के लिए निर्देश दिया गया। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि हर हाल में छोटे किसानों को प्राथमिकता पर धान क्रय किया जाए। उन्होंने कहा कि पैक्स गोदाम और सीएमआर गोदाम की जांच अनुमंडल पदाधिकारी स्तर से नियमित रूप से करवाई जाए। उन्होंने सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लगातार भ्रमणशील रहें। जितने भी छोटे किसान हैं। उनसे संवाद स्थापित कर धान विक्रय हेतु प्रेरित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, वरीय उपसमाहर्ता, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम के साथ-साथ सभी प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# छह वर्षीय मासूम से दुष्कर्म व हत्या मामले में फरार आरोपी के घर पर चलेगा बुल्डोजर

- **पुलिस को न्यायालय से मिला आरोपित के खिलाफ इश्तेहार और कुर्की का वारंट**

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र में छह साल की एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के जघन्य मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। फरार आरोपी के घर जल्द ही कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी, जिसके तहत आरोपित के घर पर जल्द ही बुल्डोजर चलने की भी संभावना है। इस संबंध में न्यायालय की ओर से आरोपी के खिलाफ इश्तेहार और कुर्की का वारंट जारी कर दिया गया है। वारंट प्राप्त होने के बाद गड़हनी थाना पुलिस अब आरोपी के घर की कुर्की करने की तैयारी में जुट गई है। माना जा रहा है कि पुलिस द्वारा बुधवार को कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जा सकती है। गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में उसके विरुद्ध न्यायालय में इश्तेहार और कुर्की के लिए अर्जी दी गई थी। न्यायालय ने इस अर्जी पर संज्ञान लेते हुए इश्तेहार और कुर्की का वारंट जारी कर दिया है। ऐसे में, पुलिस जल्द ही निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत कुर्की की कार्रवाई को अंजाम देगी।

**साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी**

बता दें कि यह घटना 16 दिसंबर की रात की है, जब गड़हनी थाना क्षेत्र के एक गांव के महादलित टोला में अपने घर में सो रही छह साल की बच्ची को अगवा कर लिया गया था। दरिंदे ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। अगले दिन, 17 दिसंबर की सुबह, बच्ची का शव अगिआंव स्थित नहर के समीप बरामद किया गया था। शव परीक्षण में बच्ची के मुंह, नाक और निजी अंगों से अत्यधिक रक्तस्राव पाया गया था, साथ ही उसके ऊपरी दांत भी टूटे हुए थे। इन साक्ष्यों के आधार पर दुष्कर्म और विरोध करने पर मारपीट कर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई थी। इस मामले में मुकेश नामक एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया था। उन्होंने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया था और सड़कों को भी जाम कर दिया था। तब से ही पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। ऐसी स्थिति में, न्याय प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने अब उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करने का निर्णय लिया है ताकि उसे कानून के समक्ष पेश किया जा सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की कार्यकारिणी परिषद की चौथी बैठक

- **बिहार में इंडस्ट्री एजुकेशन कॉर्डिनेशन पर जोर, अध्यक्ष बोले- एनडीए सरकार में उद्योग लगाना आसान**

**एजेंसी/आरा**

बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की कार्यकारिणी परिषद की चौथी बैठक बुधवार को तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव, आरा के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष राम लाल खेतान, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में कॉलेज के चेयरमैन डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने इकअ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के आरा आगमन को भोजपुर जिले के लिए गौरवपूर्ण बताया। अध्यक्ष रामलाल खेतान ने कहा कि यहां चारों तरफ हरा भरा खेत है। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले हम लोगों ने वृक्षा रोपण किया है। भोजपुर में उद्योग की काफी संभावनाएं है। बिहार में भारत की 10 प्रतिशत आबादी रहती है। उद्योग के क्षेत्र में यहां खुला फील्ड है। बिहार हमारा कृषि प्रधान केंद्र है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में प्रबल संभावना है। हमारी बिहार सरकार ने काफी अच्छी अच्छी नीतियां बनाई है। इस बार जो ठऊअ सरकार की मुख्य मुद्दा औद्योगिकरण और बेरोजगार को रोजगार देना है। हमारे बैठक का मुख्य मुद्दा लोगों को जागरूक करना है। रामलाल खेतान ने कहा कि बिहार के लोग हमारे साथ जुड़कर उद्योग लगाकर दूसरे को नौकरी दें। जो बिहार से बाहर कमाने जाते है उन्हें इस सरकार में जाना नहीं पड़ेगा। आने वाले समय में बिहार में फैक्ट्रियां ही फैक्ट्रियां होगी। बिहार में उद्योग लगाने का एक बड़ा मौका है। राज्य सरकार ने अपना खजाना खोलकर रखा है यहां उद्योग लगाने के लिए एक रुपया में 25 एकड़ जमीन देने के लिए तैयार है।




# जिला पदाधिकारी ने बाल संस्थानों में विधि व्यवस्था को लेकर किया औचक निरीक्षण

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बुधवार को जिले में अवस्थित बाल देख-रेख संस्थानों, यथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं पर्यवेक्षण गृह, नवादा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संस्थानों में आवासित बच्चों की स्थिति, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की। अवसर पर प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संस्थानों में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्वेटर, कंबल आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु निर्देश दिए गए।जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) को बच्चों की शिक्षा हेतु एक अतिरिक्त शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देने हेतु पर्यवेक्षण गृह में योगा शिक्षक की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। जबकि सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस उपाधीक्षक से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई तथा पर्यवेक्षण गृह में अतिरिक्त होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही, पर्यवेक्षण गृह परिसर में स्वच्छ पेयजल की सुविधा हेतु एक चापाकल अधिष्ठापित करने का निर्देश प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन, नवादा, पुलिस उपाधीक्षक, प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, शिशु रोग विशेषज्ञ, डीपीओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# राज राजेश्वरी स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता परीक्षा का आयोजन

**केटी न्यूज/रोहतास**

प्रखंड स्थित राज राजेश्वरी हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित जागरूकता परीक्षा में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के कुल 167 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह परीक्षा 50 अंकों की थी,जिसमें कुल 10 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला ।कक्षा नौवीं में इकड़ा खातून 35 अंक साथ ने प्रथम, सोनम कुमारी 34 अंक।ने द्वितीय तथा सुखी कुमारी 32 अंक के साथ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा दसवीं में पियूष कुमार 31 अंक साथ प्रथम, मुस्कान खातून 24 अंक साथ द्वितीय और उजाला कुमारी 18 अंक तृतीय स्थान पर रहीं। साथ ही कक्षा बारहवीं में मंशा कुमारी 45 अंक साथ प्रथम, अजीत कुमार एवं मोहम्मद अनीश अंसारी 43 अंक साथ संयुक्त रूप से द्वितीय तथा छाया कुमारी 42 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं । सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए बिक्रमगंज एएसपी सह एसडीपीओ संकेत कुमार ने कहा कि शिक्षा ही समाज को सही दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है । पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास होना जरूरी है। सड़क सुरक्षा जैसे विषयों की जानकारी न केवल बच्चों को सुरक्षित बनाती है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है । यदि छात्र आज नियमों को समझेंगे,तो कल वही नियम समाज को सुरक्षित बनाएंगे ।

# बिहार में रेल हादसा, फेसर स्टेशन के पास मालगाड़ी की तीन बोगियां पटरी से उतरीं

**एजेंसी। पटना**

बिहार में एक बार फिर रेलवे ट्रैक पर हादसा सामने आया है। दीनदयाल उपाध्याय रेल खंड पर फेसर स्टेशन के पास मंगलवार की देर रात एक मालगाड़ी की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं। यह घटना मंगलवार रात करीब 11 बजकर 55 मिनट की बताई जा रही है। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना का असर रेल परिचालन पर नहीं पड़ा और ट्रेनों का आवागमन सामान्य रूप से चलता रहा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी फेसर स्टेशन से पश्चिम केबिन के पास डाउन मेन लाइन से लूप लाइन में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान मालगाड़ी की पिछली तीन बोगियों के पहिये अचानक पटरी से उतर गए। घटना के बाद रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया और तत्काल तकनीकी टीम को मौके पर




भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी और तकनीकी कर्मियों की टीम मौके पर पहुंच गई। सुरक्षा के लिहाज से सबसे पहले दुर्घटनाग्रस्त बोगियों को मुख्य लाइन से अलग किया गया। पहिये उतरने के बाद मालगाड़ी की तीनों बोगियों को काटकर शेष मालगाड़ी को आगे निकाल दिया गया, जिससे मुख्य रेल मार्ग पूरी तरह बाधित न हो। रेलवे सूत्रों के अनुसार, यह एक संवेदनशील रेल खंड है, जहां से होकर कई महत्वपूर्ण यात्री और मालगाड़ियां गुजरती हैं। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने पूरी सतर्कता के साथ स्थिति को संभाला और यह सुनिश्चित किया कि किसी भी ट्रेन के परिचालन पर असर न पड़े।रेलवे की तकनीकी टीम ने रातभर मरम्मत कार्य जारी रखा। दुर्घटनाग्रस्त बोगियों के पहियों को फिर से पटरी पर चढ़ाने का कार्य युद्धस्तर पर किया गया। करीब आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार सुबह लगभग 8 बजे तक लूप लाइन की मरम्मत पूरी कर ली गई और उसे फिर से चालू कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक, प्वाइंट और सिग्नल सिस्टम की गहन जांच की गई है। प्रारंभिक जांच में किसी बड़ी तकनीकी खामी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। हादसे के बावजूद रेल परिचालन पूरी तरह सामान्य रहा। मुख्य लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही जारी रही और किसी भी यात्री ट्रेन को रद्द या डायवर्ट नहीं किया गया। रेलवे प्रशासन की तत्परता के कारण यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। स्थानीय रेल अधिकारियों का कहना है कि लूप लाइन में हादसा होने के कारण मुख्य मार्ग सुरक्षित रहा। यदि यह घटना मेन लाइन पर होती, तो बड़े पैमाने पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो सकता था। रेलवे प्रशासन ने इस हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। शुरूआती तौर पर प्वाइंट फेल्योर या ट्रैक में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही हादसे के सही कारणों का पता चल सकेगा। रेलवे अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और माल को भी कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा है। सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मरम्मत कार्य पूरा किया गया। घटना के बाद आसपास के इलाकों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। हालांकि जब यह स्पष्ट हुआ कि यात्री ट्रेनों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है, तो लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैक और प्वाइंट की नियमित जांच और मजबूत करनी चाहिए। फेसर स्टेशन के पास हुआ यह हादसा एक बार फिर रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े करता है, लेकिन साथ ही रेलवे कर्मचारियों की तत्परता और कुशल प्रबंधन की भी मिसाल पेश करता है। समय रहते कार्रवाई किए जाने से न केवल बड़ा हादसा टल गया, बल्कि रेल परिचालन भी पूरी तरह सामान्य रखा गया। अब सभी की नजरें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे इस घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सके।

# एक लाख डॉलर जीतने वाले मोतिहारी के आदर्श ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की मुलाकात

**एजेंसी। पटना**

पूर्वी चंपारण के मोतिहारी के रहने वाले 18 वर्षीय छात्र एवं युवा सामाजिक उद्यमी आदर्श कुमार आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने पटना पहुंचे। बता दें कि आदर्श को Chegg.org Global Student Prize 2025 (USD 100,000) से सम्मानित किया गया है। आदर्श कुमार के एक लाख डॉलर इनाम के रूप में मिला है, जो करीब 89,72,665 लाख भारतीय मुद्रा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट के दौरान आदर्श ने इस बात जानकारी उन्हें दी। इस मौके पर आदर्श कुमार के साथ बिहार राज्य नागरिक परिषद के महासचिव छोटू सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट के दौरान आदर्श कुमार ने शिक्षा, कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपने कार्यों और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। आदर्श कुमार ने विशेष रूप से प्रथम-पीढ़ी के विद्यार्थियों, ग्रामीण युवाओं और आकांक्षी जिलों में कौशल व मेंटरशिप आधारित पहलों के माध्यम से सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। वही मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा व महिला सशक्तिकरण को मिली प्राथमिकता के प्रति उन्होंने कृतज्ञता जताई। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आदर्श कुमार की उपलब्धियों और युवाओं के सशक्तिकरण में उनके योगदान की सराहना की।

## एक नजर

### नेपाल से भारत में चरस तस्करी का खुलासा रक्सौल पुलिस ने 3 तस्करों को दबोचा

**पटना।** भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित रक्सौल में हरैया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की चरस के साथ तीन अंतरराष्ट्रीय चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से सीमावर्ती इलाके में सक्रिय तस्कर गिरोह में हड़कंप मच गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से चरस की एक बड़ी खेप भारत लाई जा रही है, जिसे मोतिहारी और उत्तर प्रदेश के तस्करों के माध्यम से यूपी तक पहुंचाया जाना था। सूचना के सत्यापन के बाद हरैया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम का गठन किया और सीमा क्षेत्र में सघन वाहन जांच व निगरानी शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर पुलिस ने तस्करों को धर दबोचा। गिरफ्तार तस्करों के पास से भारी मात्रा में चरस बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह लंबे समय से नेपाल से चरस की खेप मोतिहारी लाकर उत्तर प्रदेश तक सप्लाई कर रहा था। मामले में अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क के संकेत भी मिले हैं। इस संबंध में रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद ने बताया कि नेपाल से चरस की बड़ी खेप को भारत में खपाने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस की सतर्कता से तस्करी की इस कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क और इसके अन्य सदस्यों का खुलासा किया जा सके। डीएसपी ने यह भी बताया कि बरामद चरस के स्रोत, सप्लाई रूट और इसके अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की गहन जांच की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आएंगी।

### पूर्णियां पुलिस ने लूटकांड का किया उद्भेदन, 4 अपराधी गिरफ्तार, दो टोप दस क्रिमिनल भी पकड़े गए

**पूर्णियां।** पूर्णियां पुलिस ने लूटकांड का खुलासा करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुफ्फसिल थाना के तहत 16 और 18 दिसंबर की रात में मोबाईल और ज्वेलरी की दुकान में शटर तोड़कर सात मोबाइल फोन चांदी के जेवरात की चोरी की गई थी। एसपी स्वीटी सेहरावत ने प्रेसवार्ता करते हुए कांड के उद्भेदन के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एस आईटी टीम का गठन किया। इसके बाद छापेमारी कर चार बदमाशों को चोरी के मोबाइल चांदी के जेवर के साथ दबोचा। बदमाशों के पास से छह चांदी का पायल, दो चेन, आठ लाकेट, एक अंगूठी चांदी के ब्रासलेट का तीन पीस टुकड़ा, नगद दो हजार बरामद किया गया। गिरफ्तार बदमाशों में कटिहार के मोहम्मद अंजार , मोहम्मद रुखसैर मोहम्मद तैय्यब और संजय कुमार शामिल हैं। इनके पास से आठ फोन बरामद किया गया है जिसमें चार चोरी का है। ये गिरोह दुकान और घर में चोरी करता था। इस कांड में एक अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है वहीं दूसरे मामले में मधुबनी थाना क्षेत्र में महिला के साथ घर में घुसकर छिनतई किये जाने के मामले में पहले जहां एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया इसी मामले में एक अन्य अपराधी लकी पासवान को गिरफ्तार किया गया।

### बाइक और फ्लाई ऐश ट्रक की टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत, मौके पर मचा हडकंप

**भागलपुर।** भागलपुर थाना क्षेत्र के आमापुर गांव के समीप एनएच-80 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। फ्लाई ऐश लदा अनियंत्रित हाइवा हइ573/2723 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सन्हौला थाना क्षेत्र के ताड़र निवासी दुर्गेश कुमार (19), पुत्र उत्तम यादव और सुखो यादव के पुत्र नितेश कुमार (22) के रूप में हुई है। दोनों दोस्त अपनी मौसी के घर कहलगांव जा रहे थे, जहां वे पकवान (ठेकुआ) लेकर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक और ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार 10-15 फीट तक ट्रक में फंसा हुआ घसीटा गया। हादसे की रफ्तार इतनी तेज थी कि हाइवा सड़क किनारे बने नाले के ऊपर चढ़ गया। इसके कारण एक मृतक का शव सड़क पर रह गया, जबकि दूसरा शव ट्रक के पहिए और नाले के ढक्कन के बीच फंस गया।

# बिहार में तकनीकी-मेडिकल शिक्षा की नई उड़ान : सीएम नीतीश ने निर्माणाधीन विश्वविद्यालयों का किया निरीक्षण



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 24 दिसंबर 2025 को मीठापुर में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा एस. वर्मा ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय और स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के भवन निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के छात्रों और छात्राओं को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से दोनों विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है। उन्होंने सभी निमार्णाधीन संरचनाओं का कार्य बेहतर और तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मीठापुर क्षेत्र में पहले ही चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, निफ्ट, चाणक्य लॉ यूनिवर्सिटी और मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए गए हैं। इन दोनों विश्वविद्यालयों के निर्माण के बाद यह क्षेत्र और भी आकर्षक दिखाई देगा।बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 27 जुलाई 2022 को की गई थी। इसके भवन के निर्माण हेतु मीठापुर, पटना में 5 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। मुख्य भवन 4 मंजिला होगा, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 1,11,732 वर्गफीट है। भूतल पर डीन कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय, कैफेटेरिया और अन्य कार्यालय बनाए जा रहे हैं। प्रथम तल पर कुलपति कार्यालय, मीटिंग हॉल और मूल्यांकन केन्द्र, द्वितीय तल पर कार्यालय कक्ष, मूल्यांकन केन्द्र और भंडारगृह, तृतीय तल पर 5 अभिलेखागार और भंडारगृह तथा चतुर्थ तल पर मूल्यांकन केन्द्र और 2 बड़े बहुउद्देशीय हॉल बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा परिसर में 8 कमरे और 4 सुइट रूम वाला अतिथि गृह तथा केयर टेकर का आवास भी बनाया जा रहा है। बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का नया भवन सात निश्चय-2 योजना के तहत राज्य में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस भवन का कुल क्षेत्रफल 27,567 वर्गमीटर है। परियोजना के दो भाग हैं: प्रथम भाग मुख्य विश्वविद्यालय भवन (12,645 वर्गमीटर) जिसमें प्रशासनिक सह शैक्षणिक भवन, परीक्षा कक्ष, औषधालय, बहुउद्देशीय मंच, प्रतीक्षालय, सूचना केन्द्र, नामांकन शाखा, कुलाधिपति कक्ष, प्रशिक्षण एवं स्थानन शाखा शामिल हैं; दूसरा भाग उपभवन (14,922 वर्गमीटर) जिसमें कुलपति आवास, विश्वविद्यालय अतिथि गृह और बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा एस. वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नीलेश रामचंद्र देवरे, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सुरेश कांत वर्मा और बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. बिंदे कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बढ़ते क्राइम को लेकर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा दावा- बोले बिहार से 3 महीने में अपराधियों को भगा दूंगा



**एजेंसी। पटना**

बिहार में नीतीश सरकार में गृह मंत्रालय का पद संभालने के बाद उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार एक्शन मोड में है और अपराधियों पर को नकेल कसने के लिए कई तरह के क्या बयान दे चुके हैं .आज भी सम्राट चौधरी ने ब अपराध को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि अपराधी तो भाग रहे हैं जो बचे हुए हैं उन सब को 3 महीने में भगा दूंगा. सम्राट चौधरी आज पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे जय नारायण निषाद की सातवीं पाठ पुण्यतिथि कार्यक्रम में पहुंचे थे जहां उन्होंने लालू प्रसाद यादव पर भी जमकर निशाना साधा सम्राट चौधरी ने कहा कि चोरी छुपे कुछ अपराधी लोग घूमते हैं, अब तो मेरा काम ही है बिहार में अपराधी को ठीक करना, कचरा साफ करना, सफाई अभियान चलाना. मेरे पास अब एक ही काम है .पार्टी का तो काम करता करता ही हूं और आगे भी करता रहूंगा, लेकिन अपराधी को भगाने का भी काम कर रहा हूं. कुछ लोग भाग भी गए हैं और जो नहीं भागा है उसको अगले 3 महीने में पक्का भगा दूंगा .क्योंकि बिहार के सभी समाज को सुशासन चाहिए . हम हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुरू से ही सुशासन पर जोर दिया है और उस पर हम काम कर रहे हैं।

## लालू यादव पर भी सम्राट चौधरी ने ली चुटकी

इसके साथ ही सम्राट चौधरी ने लालू यादव पर भी जमकर चुटकी ली. कहा कि हमारी सरकार बनने से पहले हम लोग बिहार के लोगों को 125 यूनिट फ्री बिजली देने का काम कर रहे हैं. इसके लिए सरकार अभी 19000 करोड़ खर्च कर रही है. नीतीश कुमार पहले भी लोगों को सब्सिडी देते थे उसके लिए 16000 करोड़ खर्च होते थे. 3000 करोड़ का खर्च हमने बढ़ाने का काम किया. अब बिहार के सभी लोगों को 125 यूनिट फ्री बिजली मिल रही है. विरोधियों को भी मिल रही है. लालू प्रसाद यादव के घर का बिजली बिल आता है तो 125 यूनिट फ्री रहता है. सम्राट ने कहा कि 2005 के पहले के मुख्यमंत्री जो सुपर मुख्यमंत्री थे वह कहते थे कि अगर घर में बाढ़ नहीं आएगी तो मछली कैसे खाएंगे. आज नीतीश सरकार ने ऐसा काम किया है कि मछली उत्पादन में हम कई राज्यों से आगे हो चुके हैं. बहुत जल्द झारखंड और मध्य प्रदेश में भी मछली निर्यात करेंगे।

# माता के दरबार में पहुंचे भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अपने आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई

**एजेंसी। पटना**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के दो दिवसीय दौरे का दूसरा दिन है। दिन की शुरूआत उन्होंने माता के दरबार जाकर की। नितिन नवीन ने बांस घाट स्थित मां काली के मंदिर और गोलघर इसके पास अखंड ज्योत (अखंड वासिनि) मंदिर जाकर माता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने राज्य और देशवासियों के लिए मंगल कामना की। अब दोपहर 2:00 बजे वह तक श्री हर मंदिर साहिब में जाकर मत्था टेका। लेकिन, इससे पहले उन्होंने भाजपा के कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक में आगे की रणनीतियों पर व्यापक चर्चा की गयी। वहीं संगठन को और मजबूत और सशक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मार्गदर्शन के तौर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते



हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मिली सफलता को लेकर बीएलए दो और सभी कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत में बीएलए दो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चुनाव के पहले एसआईआर में भी उन्होंने अपनी कर्त्तव्यपरायणता से कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह अभी पराकाष्ठा नहीं है। अभी हमें और लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने हम पर विश्वास कर एक बार फिर से सरकार बना दी है जिससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है और हमें इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना भी है।

# बिहार के 17 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी। पटना**

बिहार में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। पटना में समेत कई जिलों में आज भी शीत दिवस जैसे हालात हैं। सुबह कई इलाकों में कोहरा है। सर्द हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। राज्य का न्यूनतम तापमान सात डिग्री तक चला गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बिहार के 17 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, भोजपुर, बक्सर, गया, नालंदा, भागलपुर और पूर्णिया जिलों के कुछ हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की प्रबल



संभावना है। इसके अलावा वैशाली, पटना, अरवल और जहानाबाद जिलों के कुछ क्षेत्रों में भी घने से बहुत घने कोहरे की आशंका जताई गई है। खराब मौसम का असर रेल और हवाई सेवा पर भी पड़ा है। पिछले 24 घंटे में 12 ट्रेनें 10 घंटे से अधिक देर से पटना पहुंची। इन ट्रेनों में राजेंद्र नगर तेजस राजधानी एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, अमृत भारत एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल और विक्रमशिला एक्सप्रेस शामिल हैं। इतना ही नहीं बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, रांची और कोलकाता से आने वाली फ्लाइट भी एक से दो घंटा लेट रही। मौसम विभाग ने 24 दिसंबर को राज्य के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-मध्य भागों के कुछ स्थानों पर शीत दिवस जैसी स्थिति तथा दक्षिण-पूर्वी हिस्सों के एक-दो स्थानों पर घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। वहीं 24 से 26 दिसंबर के बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में एक-दो स्थानों पर घना कोहरा और शीत दिवस की संभावना जताई गई है। अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 1 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी संभव है, जबकि न्यूनतम तापमान में फिलहाल खास बदलाव नहीं होगा, इसके बाद 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट का अनुमान है।

## पिछले 24 घंटे में कैसा रहा बिहार का मौसम

पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार का मौसम शुष्क बना रहा। गयाजी जिले में भीषण शीत दिवस दर्ज किया गया, जबकि नालंदा और शेखपुरा में शीत दिवस की स्थिति रही। राज्य का अधिकतम तापमान 15.3 से 20.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पश्चिमी इलाकों के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि अन्य क्षेत्रों में तापमान में खास बदलाव नहीं हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 7.8 से 13.7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जिसमें 23 दिसंबर को गयाजी में 7.8 डिग्री सेल्सियस सबसे कम दर्ज किया गया। कोहरे का असर भी राज्य में बना रहा। गयाजी में न्यूनतम दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई, जबकि गया, पटना और भागलपुर में घना कोहरा छाया रहा।

# सीमावर्ती इलाके में नशे पर बड़ी कार्रवाई, 30 लाख की ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

सीमावर्ती क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फुलकाहा थाना पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार देर रात दोनों बलों की संयुक्त कार्रवाई में एक युवक को भारी मात्रा में ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया।यह छापेमारी फुलकाहा थाना क्षेत्र के मधूरा उत्तर वार्ड संख्या-1 स्थित एक घर में की गई, जहां से 300 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। पुलिस के अनुसार जब्त नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान मौके से 220 सीसी की एक मोटरसाइकिल, 10 हजार 500 रुपये नकद और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार युवक की पहचान कपिल देव पासवान के 25 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार के रूप में हुई है, जो मधूरा वार्ड संख्या-1 का निवासी बताया गया है।संयुक्त अभियान में फुलकाहा थाना प्रभारी विकास कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौजूद थे, जबकि एसएसबी की ओर से फुलकाहा बीओपी प्रभारी उपनिरीक्षक आकाश चौधरी अपने जवानों के साथ शामिल रहे।